
# उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र
# राजकीय महाविद्यालय संजौली




# कविता वाचन एवं भाषण प्रतियोगिता



# रिपोर्ट

## (संजौली महाविद्यालय में हिंदी विभाग एवं साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कविता वाचन और भाषण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन)

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली में हिंदी विभाग व साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी राजभाषा पखवाड़ा के आयोजन के अंतर्गत 10 सितंबर, 2025 को कविता वाचन तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ भारती भागड़ा रही। राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय में हिंदी भाषा के प्रचार और प्रसार हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कला, बुद्धि और रचनात्मकता का अदभुत प्रदर्शन कर श्रुति ठाकुर ने अपनी स्वरचित कविता 'विकास हो रहा है' पर मार्मिक कविता प्रस्तुत कर कविता पाठ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं स्वप्निल सूर्यान ने अपनी कविता 'महसूस करो तुम भी' के माध्यम से हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा पर प्रकृति के दोहन पर भावमई कविता प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं भाषण प्रतियोगिता में अपने बुद्धि, विवेक और वाक कौशल का अदभुत प्रदर्शन कर दिव्यांश श्याम ने  प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही सुजल शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० भारती भागड़ा ने हिंदी भाषा के स्वर्णिम भविष्य की ओर इंगित करते हुए इसे व्यवहार में लाने की लिए सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस आयोजन में साहित्य परिषद के संयोजक डॉ० राकेश शर्मा, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ० दिनेश नेगी, डॉ० दीपक कपरेट,  डॉ० हिमानी सक्सेना, डॉ० शिवानी खत्री, डॉ० चंद्र वर्मा, डॉ विनोद कुमार,  डॉ ० पूनम थापर,डॉ० अरुण शर्मा, सत पॉल शर्मा व महाविद्यालय के लगभग 150 विद्यार्थी मौजूद रहे।








# कविता वाचन एवं भाषण प्रतियोगिता

# कविता वाचन स्पर्धा में श्रुति ठाकुर प्रथम

शिमला। राजकीय महाविद्यालय संजौली में हिंदी विभाग और साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी राजभाषा पखवाड़ा के तहत बुधवार को कविता वाचन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. भारती भागड़ा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। श्रुति ठाकुर ने अपनी स्वरचित कविता विकास हो रहा है में नारी जीवन की विषमताओं को पेशकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्वप्निल सूर्यान ने महसूस करो तुम भी प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में दिव्यांश प्रथम और सुजल शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में परिषद के संयोजक डॉ. राकेश शर्मा, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश नेगी, डॉ. दीपक कपरेट, डॉ. हिमानी सक्सेना, डॉ. शिवानी खत्री, डॉ. चंद्र वर्मा, डॉ. विनोद कुमार डॉ. पूनम थापर, डॉ. अरुण शर्मा, सतपाल शर्मा सहित 150 विद्यार्थी मौजूद रहे। ब्यूरो



संजौ

# कविता में श्रुति और भाषण में दिव्यांश प्रथम

सिटी रिपोर्टर-शिमला

टर ऑफ एक्सिलेंस संजौली
लेज में हिंदी विभाग व साहित्य
रिषद के संयुक्त तत्वावधान में
दी राजभाषा पखवाड़ा के तहत
धवार को कविता पाठ और
षण प्रतियोगिता करवाई गई। इस
ायोजन की मुख्यातिथि
हाविद्यालय की प्राचार्य डाक्टर
ारती भागड़ा रही। राजभाषा
खवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय
में हिंदी भाषा के प्रचार और प्रसार
हेतु प्रतियोगिताएं करवाई गई।
कला, बुद्धि और रचनात्मकता का
अदभुत प्रदर्शन कर श्रुति ठाकुर ने
अपनी स्वरचित कविता 'विकास
हो रहा है' में नारी जीवन की




विषमताओं पर मार्मिक कविता प्रस्तुत कर कविता पाठ में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर स्वप्निल सूर्यान ने अपनी कविता 'महसूस करो तुम भी' के माध्यम से हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा पर प्रकृति के दोहन पर भावमई कविता प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में अपने बुद्धि, विवेक और वाक कौशल का अदभुत प्रदर्शन कर दिव्यांश ने

प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ह
सुजल शर्मा ने द्वितीय स्थान प्रा
किया। कार्यक्रम के अंत
महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो भारत
भागड़ा ने हिंदी भाषा के स्वर्णि
भविष्य की ओर इंगित करते हु
इसे व्यवहार में लाने की लिए सभ
विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इ
आयोजन में साहित्य परिषद
संयोजक डाक्टर राकेश शर्मा, हिं
विभागाध्यक्ष डाक्टर दिनेश नेग
डाक्टर दीपक कपरेट, डाक
हिमानी सक्सेना, डाक्टर शिवा
खत्री, डाक्टर चंद्र वर्मा, डाक
विनोद कुमार, डाक्टर पूनम थाप
डाक्टर अरुण शर्मा, सत पॉल श
व महाविद्यालय के लगभग 15
विद्यार्थी मौजूद रहे।

# समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन

# राजकीय महाविद्यालय संजौली, शिमला
## (हिमाचल प्रदेश)



# ।।साहित्य परिषद्।।

।।सृजन रचनात्मकता कला चिंतन चेतना और अभिव्यक्ति का मंच।।

।। प्रभारी : डॉ. राकेश शर्मा ।।



## संयोजक:

**डॉ राकेश शर्मा**
सहायक आचार्य
संस्कृत विभाग
राजकीय महाविद्यालय संजौली

## सदस्य :

**डॉ दिनेश नेगी**
**डॉ आदित्य सिंह डुल्टा**
**डॉ अरुण कुमार**
**प्रो सतपॉल शर्मा**
साहित्य परिषद
राजकीय महाविद्यालय संजौली

## रिपोर्टकर्ता :

**विवेक ठाकुर**
उपाध्यक्ष
साहित्य परिषद
राजकीय महाविद्यालय संजौली

# धन्यवाद 🙏